भारत इलेक्ट्रॉनिक्स
BHARAT ELECTRONICS
भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड
(भारत सरकार का उद्यम, रक्षा मंत्रालय)
पंजीकृत कार्यालय :
आउटर रिंग रोड, नागवारा, बेंगलूर - 560 045, भारत
**Bharat Electronics Limited**
(Govt. of India Enterprise, Ministry of Defence)
Registered Office : Outer Ring Road,
Nagavara, Bangalore - 560 045, INDIA.
CIN : L32309KA1954GOI000787
टेलीफैक्स/Telefax : +91 (80) 25039266
ई-मेल/E-mail : secretary@bel.co.in
वेब/Web : www.bel-india.com

प्रबंधक The Manager
लिस्टिंग विभाग Listing Department
नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लि.
National Stock Exchange of India Ltd.
एक्सचेंज प्लाज़ा, सी-1, ब्लॉक जी,
Exchange Plaza, C-1, Block G,
बांद्रा-कुर्ला कॉम्पलेक्स, बांद्रा पूर्व
Bandra Kurla Complex Bandra, East,
मुंबई, महाराष्ट्र - 400051
Mumbai, Maharashtra- 400051

**सं. No.17565/6/SE/NSEC/SEC**
दिनांक **Date: 27/01/2022**

विषय - प्रेस विज्ञप्ति **Sub. : Press Release**

महोदय/महोदया
Dear Sir/ Madam,

सेबी (एल.ओ.डी.आर.) विनियम, 2015 के विनियम 30 के तारतम्य में, **"बीईएल ने यू.एस. को आईओटी डिवाइस की आपूर्ति के लिए हायपरियॉन ग्लोबल ग्रूप एलएलसी, यूएसए के साथ यूएसडी 73 मिलियन की संविदा पर हस्ताक्षर किया"** शीर्षक के प्रेस विज्ञप्ति की प्रति एतद्वारा संलग्न पाएँ।

Pursuant to Regulation 30 of SEBI (LODR) Regulations, 2015, we are enclosing herewith a copy of the press release titled **"BEL signs USD 73 Million contract with Hyperion Global Group LLC, USA, for supply of IoT devices to the US"**

सूचना एवं अभिलेख के लिए।
This is for your information and record.

सधन्यवाद
Thanking you,

भवदीय Yours faithfully,
कृते भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड
**For Bharat Electronics Ltd.**

एस श्रीनिवास **S Sreenivas**
कंपनी सचिव **Company Secretary**

संलग्न – यथोक्त / Encl: As above.

प्रबंधक The Manager

**Press Release**

**BEL signs USD 73 Million contract with Hyperion Global Group LLC, USA, for supply of IoT devices to the US**

**New York/Bengaluru, January 24, 2022:** Navratna Defence PSU Bharat Electronics Limited (BEL) and Hyperion Global Group, LLC, an infrastructure telecommunication distribution company based in the USA, have entered into a contract to develop, manufacture and supply Internet of Things (IoT) devices for the US market.

As per the contract signed on January 21, 2022, BEL will manufacture and supply IoT devices worth US $73 Million to Hyperion during the first year of commencement of supply with a provision to negotiate and supply upgrades of the products, worth US $365 Million, in the next five years.

Hyperion's next generation global telecommunications infrastructure devices are all set to revolutionize the way people live, learn, communicate, and consume data. This global infrastructure is the key to unlocking unprecedented levels of performance and speed made possible by the combination of IoT and 5G. Hyperion will accomplish this by strategically implementing a six-phase strategy to meet its customer demands.

The contract pairs Hyperion's need to provide advanced connectivity solutions with BEL's world-class engineering and manufacturing capabilities. BEL, as India's leading defence electronics company, is uniquely qualified to deliver a durable product to Hyperion, USA which has a robust product roadmap and global expansion strategy in place.

About Hyperion:

Hyperion Global Group, formed in September 2020, is a Delaware limited liability company that operates as an infrastructure telecommunication distribution company with a goal to provide technology solutions for tomorrow's connected world. Hyperion's network will provide both broad outdoor coverage and indoor penetration, making it an ideal connectivity choice for Smart Cities, manufacturing, distribution, asset tracking and multi-location complex enterprise solutions.

About BEL:

BEL is a multi-product, multi-technology, multi-unit conglomerate offering products and systems in the areas of Military Communications, Radars, Missile

Systems, Naval Systems, Electronic Warfare & Avionics, C4I Systems, Electro Optics, Tank Electronics & Gun/Weapon System Upgrades and Electronic Fuses in the Defense segment. BEL's non-defence business segment includes areas such as Electronic Voting Machines, Homeland Security & Smart Cities, Solar, Satellite Integration & Space Electronics, Railways, Artificial Intelligence, Cyber Security, Software as a Service, Energy Storage products and Composite Shelters & Masts.

The contract was signed last Friday by BEL's New York Regional Office and Hyperion in the presence of Mr. M V Rajasekhar, Director R&D, BEL, Mr. Nick Studebaker, CEO, Hyperion Group, Mrs. Prabha Goyal, GM (BEL-Panchkula), and other senior officials of BEL and Hyperion.

Mr. M V Rajasekhar, Director R&D, BEL, said: "BEL is happy to be associated with Hyperion Group in being a part of the communication revolution that has taken the world by storm. We are hoping to supply lakhs of IoT devices to Hyperion in the next five years."

Mrs. Anandi Ramalingam, CMD, BEL, said: "BEL is looking forward to expanding its global footprints and the contract with Hyperion is another major step in that direction. Our Central Research Laboratory will be actively working on this project and our New York Regional Office which is handling our marketing activities in the USA will be closely interacting with Hyperion for the timely execution of the contract."

Mr. Nick Studebaker, CEO, Hyperion Group, said: "We are excited to have BEL as our strategic manufacturing partner. We believe that the IoT space will be truly transformative in the way individuals, small to large businesses, municipalities and governmental organizations at the local, regional, and national levels communicate. We are looking forward to participating in this exciting opportunity with BEL and its talented and accomplished team."

For all press inquiries please contact press@hyperiongg.com, media@bel.co.in

| | |
|---|---|
| Bengaluru | KRISHNAPPA T R |
| January 25, 2022 | SR DGM (CORP COMN)_ |

**प्रेस विज्ञप्ति**

## बीईएल ने यू.एस. को आईओटी डिवाइस की आपूर्ति के लिए हायपरियॉन ग्लोबल ग्रूप एलएलसी, यूएसए के साथ यूएसडी 73 मिलियन की संविदा पर हस्ताक्षर किया

**न्यू यॉर्क / बेंगलूरु, 24 जनवरी, 2022 -** नवरत्न रक्षा पीएसयू भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल) और हायपरियॉन ग्लोबल ग्रूप, एलएलसी जो यूएसए की अवसंरचना दूरसंचार वितरण कंपनी है, ने यूएस के बाज़ार के लिए इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी) के विकास, निर्माण और आपूर्ति के लिए एक संविदा पर हस्ताक्षर किया।

21 जनवरी, 2022 को हस्ताक्षरित उक्त संविदा के अनुसार, बीईएल अगले पांच वर्षों में यूएस $365 मिलियन मूल्य के उत्पादों के अपग्रेड पर कीमत वार्ता करने और उनकी आपूर्ति करने के प्रावधान के साथ, आपूर्ति शुरु होने के पहले वर्ष के दौरान हायपरियॉन को यूएस $73 मिलियन मूल्य के आईओटी डिवाइसों का निर्माण और आपूर्त करेगी।

हायपरियॉन के अगली पीढ़ी के वैश्विक दूरसंचार अवसंरचना डिवाइस लोगों की जीवन शैली, ज्ञानार्जन, संप्रेषण और डेटा उपभोग में क्रांतिकारी परिवर्तन लाएंगे। यह वैश्विक अवसंरचना आईओटी और 5जी के साथ मिलकर परफार्मेंस और स्पीड का अभूतपूर्व अनुभव प्रदान करेगी। हायपरियॉन अपने ग्राहकों की मांगों को पूरा करने के लिए छ: चरण की रणनीति को कार्यान्वित करते हुए यह काम करेगी।

इस संविदा से उन्नत कनेक्टिविटी समाधान प्रदान करने की हायपरियॉन की आवश्यकता बीईएल की विश्व-स्तरीय इंजीनियरी और निर्माण क्षमताओं से पूरी की जा सकेगी। भारत की अग्रणी रक्षा इलेक्ट्रॉनिक कंपनी बीईएल हायपरियॉन, यूएसए जिसकी एक मज़बूत उत्पाद योजना है और जिसकी वैश्विक विस्तारण रणनीति है, को टिकाउ उत्पाद देने के लिए विशेष रूप से योग्य है।

**हायपरियॉन के बारे में -**

सितंबर 2020 में स्थापित हायपरियॉन ग्लोबल ग्रूप एक डेलावेयर सीमित देयता वाली कंपनी है जो भविष्य की दुनिया को प्रौद्योगिकी समाधान प्रदान करने के लक्ष्य के साथ एक अवसंरचना दूरसंचार वितरण कंपनी है। हायपरियॉन का नेटवर्क ब्रॉड आउटडोर कवरेज और इनडोर पेनेट्रेशन दोनों प्रदान करेगा जो इसे स्मार्ट सिटी, निर्माण, वितरण, परिसंपत्ति ट्रैकिंग और बहु-स्थलीय जटिल उद्यम समाधानों के लिए एक आदर्श कनेक्टिविटी पसंद बनाता है।

**बीईएल के बारे में -**

बीईएल एक बहु-उत्पाद, बहु-प्रौद्योगिकी, बहु-यूनिट वाली विशाल कंपनी है जो रक्षा खंडों में सैन्य संचार, रेडार, मिसाइल सिस्टम, नौसैनिक सिस्टम, इलेक्ट्रॉनिक युद्धपद्धति एवं वैमानिकी, सी4आई सिस्टम, इलेक्ट्रो ऑप्टिक, टैंक इलेक्ट्रॉनिक और गन/शस्त्र सिस्टम के अपग्रेड और इलेक्ट्रॉनिक फ्यूज के क्षेत्रों में उत्पाद और सिस्टम प्रदान करती है। बीईएल के गैर-रक्षा खंड में इलेक्ट्रॉनिक मतदान मशीन, गृहभूमि सुरक्षा एवं स्मार्ट

सिटी, सोलार, उपग्रह एकीकरण एवं अंतरिक्ष इलेक्ट्रॉनिक्स, रेलवे, कृत्रिम बुद्धि, सायबर सुरक्षा, सेवा के रूप में साफ्टवेयर, ऊर्जा भंडारण उत्पाद और सम्मिश्रित शेल्टर और मास्ट जैसे क्षेत्र शामिल हैं।

उक्त संविदा पर पिछले शुक्रवार को बीईएल के न्यू यॉर्क स्थित क्षेत्रीय कार्यालय और हायपरियॉन द्वारा हस्ताक्षर किए गए और इस अवसर पर श्री एम वी राजशेखर, निदेशक (अनु. व वि.), बीईएल, श्री निक स्ट्यूडबेकर, सीईओ, हायपरियॉन ग्रूप, श्रीमती प्रभा गोयल, महाप्रबंधक (बीईएल-पंचकूला) तथा बीईएल और हायपरियॉन के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

इस अवसर पर श्री एम वी राजशेखर, निदेशक (अनु. व वि.), बीईएल ने कहा, "पूरी दुनिया को प्रभावित करने वाली संचार क्रांति का भाग बनने में हायपरियॉन के साथ जुड़कर हमें खुशी हो रही है। हम आशा करते हैं कि अगले पांच वर्षों में हम हायपरियॉन को लाखों आईओटी डिवाइस की आपूर्ति करेंगे।"

श्रीमती आनंदी रामलिंगम, सीएमडी, बीईएल ने कहा, "बीईल अपना वैश्विक कारोबार बढ़ाने की ओर अग्रसर है और हायपरियॉन के साथ यह संविदा इस दिशा में एक प्रमुख कदम है। हमारी केंद्रीय अनुसंधान प्रयोगशाला इस परियोजना पर सक्रिय रूप से काम करेगी और हमारा न्यू यॉर्क स्थित क्षेत्रीय कार्यालय जो यूएसए में हमारे विपणन कामकाज देख रहा है, इस संविदा के समय पर निष्पादन के लिए हायपरियॉन के साथ लगातार संपर्क में है।"

श्री निक स्ट्यूडबेकर, सीईओ, हायपरियॉन ग्रूप ने कहा, "अपने रणनीतिक निर्माणी साझेदार के रूप में बीईएल के साथ जुड़कर हमें बड़ी खुशी हो रही है। हमारा मानना है कि जिस तरह लोग, छोटे से लेकर बड़े कारोबार तक, नगरपालिका और सरकारी संगठन स्थानीय, क्षेत्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर संप्रेषण करते हैं, उसे आईओटी का बाज़ार सचमुच बदल देगा। हम बीईएल और उसकी प्रतिभाशाली और निपुण टीम के साथ इस रोमांचक अवसर में सहभागी बनने को लेकर बहुत आशान्वित हैं।"

प्रेस संबंधी सभी पूछताछ के लिए, संपर्क करें - press@hyperiongg.com, media@bel.co.in

**बेंगलूरु**
25 जनवरी, 2022

**कृष्णप्पा टी आर**
**वरिष्ठ उप महाप्रबंधक (कार्पोरेट संप्रेषण)**